भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 585

सोमवार, 06 फरवरी, 2023 / 17 माघ, 1944 (शक)

बागान श्रमिक

585. एडवोकेट डीन कुरियाकोस:
श्री रवि किशन:
श्री रविन्दर कुशवाहा:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास इडुक्की सहित केरल में उन बागानों का ब्यौरा है जो बंद हो गए हैं या वित्तीय दबाव में हैं और यदि हां, तो पिछले दस वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार केरल में बागान श्रमिकों के मदद के लिए चाय बागान सहित बंद बागानों को फिर से खोलेगी, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने चाय बागान क्षेत्र को बचाने के लिए कोई पैकेज आवंटित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) केंद्रीय मजदूरी बोर्ड के तहत बागान मजदूरों/श्रमिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रावधानों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या केंद्रीय मजदूरी बोर्ड ने समय-समय पर अपनी नीतियों/निर्णयों में संशोधन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या मजदूरों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए मजदूरी में संशोधन नहीं किया गया है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) और (ख): चाय बोर्ड, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, वर्तमान में केरल राज्य में इडुक्की सहित निम्नलिखित चाय बागान बंद हो गए हैं:

(i) पीरूमदे और लॉनिट्री चाय बागान, इडुक्की, केरल

(ii) कोट्टामाला और बोनामी चाय बागान, इडुक्की, केरल

(iii) बोनकॉर्ड चाय बागान, तिरुवन्तपुरम, केरल

केरल में बंद हुए चाय बागानों की वर्तमान स्थिति के साथ उनकी स्थिति अनुबंध में दी गई है। बंद हो गए रबर और कॉफी बागानों की पहचान करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग): चाय उद्योग के समग्र विकास के लिए 15वें वित्त आयोग (वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक) के लिए चाय बोर्ड के माध्यम से 967.78 करोड़ रुपये के परिव्यय सहित चाय विकास एवं संवर्धन योजना लागू की गई है।

(घ) से (ङ): बागान श्रम अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के अनुरूप संबंधित राज्य सरकार द्वारा बागान कामगारों के लिए कल्याणकारी उपायों को लागू किया जाता है। वर्तमान में, बगान क्षेत्र के लिए कोई मजदूरी बोर्ड नहीं है।

(च): सामूहिक सौदेबाजी की प्रक्रिया के माध्यम से वेतन संशोधन त्रिपक्षीय समझौते द्वारा किया जाता है।

*

*****

अनुबंध

दिनांक 06.02.2023 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 585 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्र.सं.	चाय बागान का नाम	राज्य	जिला	समापन की तिथि	वर्तमान स्थिति
1	कोट्टामाला और बोनामी	केरल	इडुक्की	अक्टूबर, 2002	दिनांक 11.06.2007 को पुनः खोला गया दिनांक 23.12.2013/11.10.2014 को पुनः बंद किया गया।
2	वागमोन	केरल	इडुक्की	09.06.2002	कार्यशील
3	मुंग्यमुल्लई	केरल	इडुक्की	09.01.2005	कार्यशील
4	थेंगकल	केरल	इडुक्की	10.01.2005	कार्यशील
5	पंबनर	केरल	इडुक्की	09.01.2005	कार्यशील
6	कोलीकनम	केरल	इडुक्की	जनवरी, 2000	कार्यशील
7	पसुमुल्लई	केरल	इडुक्की	जनवरी, 2002	कार्यशील
8	ग्रैनबी	केरल	इडुक्की	31.01.2002	कार्यशील
9	मंउट	केरल	इडुक्की	13.10.2000	कार्यशील
10	तुंगमुल्ले	केरल	इडुक्की	जनवरी, 2002	कार्यशील
11	नेल्लिकाई	केरल	इडुक्की	11.01.2005	कार्यशील
12	बोनकॉर्ड	केरल	इडुक्की	11.04.2007	दिनांक 03.12.2007 को पुनः खोला गया दिनांक 05.03.2015 को पुनः बंद किया गया।
13	मेथनाथु	केरल	इडुक्की	12.11.2001	कार्यशील
14	वेंगाकोट्टा	केरल	इडुक्की	06.10.2004	कार्यशील
15	पीरूमदे और लॉनिट्री	केरल	इडुक्की	01.04.2016	बंद किया गया

*****